


# बयान पड़ा भारी, पार्षद पर एफआईआर

▸ सावरकर टिप्पणी पर बवाल, पार्षद सलीम बागवान पर पुलिस केस



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नगर निगम परिषद के साधारण सम्मेलन में वीर सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है। शिकायत के आधार पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने वार्ड 24 के पार्षद सलीम बागवान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इस कार्रवाई के बाद शहर की राजनीति में एक बार फिर गर्माहट आ गई है। गौरतलब है कि मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित परिषद सम्मेलन के दौरान यह विवाद सामने आया था।

आरोप है कि चर्चा के बीच विपक्षी पार्षद सलीम बागवान ने क्रांतिकारी वीर सावरकर को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी। इस पर सत्ता पक्ष के पार्षदों ने तत्काल विरोध जताया था और मामले ने तूल पकड़ लिया था।

वार्ड 22 के पार्षद विशाल शर्मा ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि उक्त टिप्पणी से न केवल सदन की गरिमा आहत हुई, बल्कि आम नागरिकों की भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। उन्होंने इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला कृत्य बताया। पुलिस के अनुसार, प्राप्त शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी पार्षद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352 और 353(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस सम्मेलन की वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों को खंगाल रही है। इधर, इस घटनाक्रम के बाद सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे राष्ट्रविरोधी मानसिकता करार दिया है, जबकि विपक्ष की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



▸ **भाजपा पार्षद के खिलाफ स्टेशन रोड थाने में शिकायत**

नगर निगम बजट सम्मेलन में दिए गए बयान को लेकर विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। कांग्रेस पार्षद कमरुद्दीन कच्छवाय ने भाजपा पार्षद धर्मेंद्र व्यास के खिलाफ स्टेशन रोड थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ अपमानजनक भाषा का उपयोग किया गया, जिससे माहौल बिगड़ा। शिकायत में इसे समाज में वैमनस्य फैलाने वाला कृत्य बताया गया है। कांग्रेस ने मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, पूर्व विधायक पारस सकलेचा, यास्मीन शैरानी, राजीव रावत, शैलेन्द्रसिंह अठाना आदि कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो ने फांसी लगाई, हादसे में घायल युवक की मौत

**रतलाम।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। औद्योगिक थाना और बाजना थाना क्षेत्र में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि माणकचौक थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, औद्योगिक थाना क्षेत्र के डोसीगांव निवासी 53 वर्षीय हीरालाल पिता रामदयाल कोहरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम रुपारेल निवासी 20 वर्षीय दलसिंह पिता तोलु मईड़ा ने खेत पर नीम के पेड़ से लटककर जान दे दी। माणकचौक क्षेत्र में बाइक खंभे से टकराने से गंभीर घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# जोधपुर–इंदौर स्लीपर बस ट्रक में घुसी, 5 घायल

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रतलाम-इंदौर फोरलेन पर बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बिलपांक थाना क्षेत्र के रत्तागिरी फंटे के पास जोधपुर से इंदौर जा रही तेज रफ्तार प्राइवेट स्लीपर बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में बस में सवार पांच यात्री घायल हो गए, जिन्हें तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब 7 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आगे चल रहे ट्रक का स्टीयरिंग अचानक फेल हो गया, जिसके चलते चालक ने तुरंत ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस अचानक ब्रेक लगने से संतुलन नहीं बना पाई और ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय हल्की बारिश हो रही थी और सड़क पर गिट्टी भी बिखरी हुई थी, जिससे बस फिसल गई और चालक नियंत्रण खो बैठा। हादसे में घायल यात्रियों की पहचान शेरू, अंबाराम, राजू, विशाल और कृष्णा के रूप में हुई है, जो राजस्थान के बाड़मेर निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही बिलपांक थाना पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहीं, क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# उद्योग विभाग का थीमेटिक सत्र, स्टार्टअप पॉलिसी की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के नव युवाओं को स्टार्टअप के प्रति जागरूक करने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रतलाम द्वारा 8 अप्रैल को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रतलाम में स्टार्टअप पॉलिसी की जानकारी देने हेतु एक थीमेटिक सत्र का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में रतलाम के उद्योगपतियों महेश सारड़ा, अनिल सारड़ा, भावेश डोषी, नवीन स्टार्टअप इको प्लग एनर्जी इंडिया लिमिटेड से नीम चंद मईडा और पवन परिहार युवा उद्यमी तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के समस्त स्टाफ ने भाग लिया। सफल स्टार्टअप के संस्थापक यशराज सिंह जिनका स्टार्टअप 'जड़' वर्तमान में अपनी उत्कृष्ट साड़ियों के लिए जाना जाता है उन्होंने अपने अनुभव सभी के साथ साझा किए। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की ओर से प्रबंधक सुश्री आयुषी बैरागी द्वारा मध्य प्रदेश स्टार्टअप योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत महाप्रबंधक अतुल वाजपेई ने सभी का आभार माना तथा युवाओं तथा उद्योगपतियों के लिए इस तरह के आयोजन लगातार करने तथा जिले के एमएसएमई उद्योगों तथा स्टार्टअप को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का संकल्प लिया।

### एक नजर में

## आईटीआई रतलाम में प्लेसमेंट कैंप का 10 को

**रतलाम।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अहिरवार ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) रतलाम द्वारा 10 अप्रैल को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड स्थित आईटीआई परिसर में आयोजित किया जाएगा। कैंप में हीरा मोटर कोप एलटीडी द्वारा हलोल प्लांट के लिए लगभग 200 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 10वीं पास तथा आईटीआई धारक अभ्यर्थी जैसे फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक एवं टू-व्हीलर/ऑटो रिपेयरिंग टी वार ट्रेड के उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को फुल टाइम कर्मचारी एफटीई के रूप में लगभग 20,500 रूपये प्रतिमाह सीटीसी तथा अप्रेंटिस के रूप में 18,000 रूपये प्रतिमाह (इन हैंड) प्रदान किए जाएंगे। आयु सीमा 18 से 26 वर्ष (25 वर्ष 11 माह तक) होगी। इच्छुक उम्मीदवार 10 अप्रैल को प्रात: 10 बजे अपने सभी मूल दस्तावेज, बायोडाटा/सीवी सहित आईटीआई रतलाम में उपस्थित हो सकते है। चयन प्रक्रिया कंपनी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार की जाएगी।

## डॉ. अम्बेडकर जयंती पर कल से आयोजन

**रतलाम।** सामान्य प्रशासन विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मध्यप्रदेश के समस्त जिले एवं विकासखंड मुख्यालयों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## खेल एवं युवा कल्याण विभाग की खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक

**रतलाम।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रुचि शर्मा ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा 01 अप्रैल 2025 से 31 मई 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन जिला कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग नेहरू स्टेडियम पोलो ग्राउंड रतलाम में कार्यालय समय प्रात: 10:00 बजे से सांय काल 06:00 बजे तक लिए जाएंगे। आवेदन 01 मई से 31 मई तक जमा कर सकते है। 31 मई के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किये जाएगे। प्राप्त आवेदनो में अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रूपये 10000/- रजत पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रूपये 8000/- एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को राशि रूपये 6000/- खेलवृत्ति राशि प्रदान कि जाएगी।

## सरपंच ने की महिला के इलाज में मदद की अपील

**जावरा।** रतलाम जिले की रिंगनोद ग्राम पंचायत के सरपंच यूसुफ खान पठान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर रिंगनोद निवासी गम्भीर बीमारी से पीडित एक महिला के इलाज में जनमानस से मदद की गुजारिश की है। वीडियो के मुताबिक रिंगनोद गांव की निवासी लक्ष्मी प्रजापत केंसर नामक गम्भीर बीमारी से ग्रस्त है और घर की माली हालत काफी खराब है। इसके चलते उक्त महिला अपना इलाज कराने में असमर्थ है। महिला का पति नरेन्द्र कुमार प्रजापत दिहाडी मजदूर होकर जैसे-तैसे परिवार की गाडी खींचता है। बताते हैं कि रिंगनोद के 22 क्वार्टर क्षेत्र में रहने वाली लक्ष्मी प्रजापत को घर-परिवार का भरण पोषण करने में भी खासी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। इंसानियत के नाते सरपंच यूसुफ खान पठान ने वीडियो के जरिए समाज के हर वर्ग, जात के लोगों से मार्मिक अपील की है कि अगर हम सब मिलकर लक्ष्मी प्रजापत की आर्थिक रूप से सहायता करें तो असहनीय तकलीफ से गुजर रही उक्त महिला का बेहतर उपचार हो सकता है। उन्होंने कहा कि दु:ख, तकलीफ में किसी के काम आना ही सबसे बडा धर्म है। साथ ही सरपंच खान ने पैसे को अनावश्यक खर्च करने वाले लोगों पर तंज कसते हुए कहा कि कई लोग पैसों की फिजूलखर्ची करते हैं। लेकिन जरूरतमंद इंसान की मदद नहीं करते।

## जैन सोशल ग्रुप जावरा, गोल्डन की कार्यकारिणी घोषित

**जावरा।** जैन सोशल ग्रुप जावरा गोल्डन के सत्र 2026-27 के लिए नवीन पदाधिकारियों का गठन दिनांक 28 मार्च 2026 को म प्र रीजन अध्यक्ष राहुल चपड़ोद एवं पूर्वाध्यक्ष नीरज मेहता, आशीष चोरड़िया, तपन नाहटा, निलेश कोठारी एवं मोहित चपडोद की नॉमिनेशन कमेटी की बैठक में संपन्न हुआ। इस बैठक में सभी पूर्व अध्यक्षों की सहमति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर जितेन्द्र जैन, सचिव पद पर शीतल चोरड़िया एवं कोषाध्यक्ष पद पर अमन कटारिया को मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पीयूष चपड़ोद, नीरज वया, प्रतिक ओरा, अंकित जैन, नितिन कोठारी एवं गौरव धोका, सह सचिव निश्चल पोखरना हिमांशु मेहता, सह कोषाध्यक्ष लोकेंद्र ओरा, सुमित मांडोत, प्रचार सचिव विपुल मेहता, चिराग पटवा, मीडिया प्रभारी लक्की डूंगरवाल, संगठन मंत्री सार्थक मेहता, प्रीतेश खारीवाल, टेमर विपिन धारीवाल को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के चयन पर संगठन के सदस्यों में हर्ष का वातावरण है। सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने कार्यकाल में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

## वरिष्ठ समाजसेवी और गुरु तेग बहादुर समिति के अध्यक्ष गुरनाम सिंह का निधन

**रतलाम।** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक और शैक्षणिक संस्था 'श्री गुरु तेग बहादुर शैक्षणिक विकास समिति' के अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह डंग (65) का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही रतलाम सहित पूरे प्रदेश के सिख समाज और शैक्षणिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सरदार गुरनाम सिंह डंग पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। बेहतर इलाज के लिए उन्हें अहमदाबाद ले जाया गया था, जहाँ अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।सरदार गुरनाम सिंह डंग न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उनके नेतृत्व में गुरु तेग बहादुर स्कूल और कॉलेज ने कई नए आयाम छुए। वे अपने सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए शहर में पहचाने जाते थे। उनके आकस्मिक निधन को समाज और शिक्षा जगत के लिए एक ऐसी क्षति बताया जा रहा है जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। जैसे ही उनके निधन की खबर रतलाम पहुँची, विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। 'शिक्षा और समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।

# 23 पैकेट प्रतिबंधित ई–सिगरेट जब्त

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत माणकचौक थाना पुलिस ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में 8 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर नाहरपुरा स्थित श्रीराम पान भंडार पर दबिश दी गई। जांच के दौरान दुकान से अवैध रूप से प्रतिबंधित ई-सिगरेट का संग्रहण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। पुलिस ने मौके से विभिन्न कंपनियों और फ्लेवर की कुल 23 पैकेट ई-सिगरेट बरामद की, जिनकी अनुमानित कीमत 27 हजार 600 रुपए बताई गई है। आरोपी से वैध लाइसेंस के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 167/2026 धारा 4/7, 5/8 में प्रकरण दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जय कुमार कवलानी (31) निवासी नाहरपुरा के रूप में हुई है। कार्रवाई में माणकचौक थाना पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रकाश गडरिया, उप निरीक्षक राकेश मेहरा, प्रधान आरक्षक राजेश मईड़ा, आरक्षक अविनाश मिश्रा सहित थाना माणकचौक पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## मंगल प्रवेश आज

**जावरा।** राष्ट्रसंत जैन धर्म दिवाकर श्रमण संघीय आचार्य सम्राट पूज्य गुरुदेव श्री आनंद ऋषि महाराज साहब के सुशिष्य ध्यान योगी युगपुरुष आचार्य सम्राट डॉक्टर शिवमुनि जी महाराज के आज्ञानूवर्ती श्रमण संघीय युवाचार्य प्रज्ञा महर्षि आगम ज्ञाता पूज्य गुरुदेव श्री महेंद्र ऋषि महाराज साहब हित मित भाषी पूज्य गुरुदेव श्री हितेंद्र ऋषि महाराज साहब तपस्वी पूज्य गुरुदेव श्री धवल ऋषि महाराज साहब, नव दीक्षित पूज्य श्री महक ऋषि महाराज आदि ठाणा 4 के जावरा मंगल पदार्पण से श्रीसंघ में उत्साह का माहौल है।

# डिजिटल होगी जनगणना, स्वयं भी भर सकेंगे जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आगामी जनगणना प्रक्रिया के तहत मकान सूचीकरण चरण में नागरिकों को स्वगणना की सुविधा प्रदान की गई है। स्वगणना कार्यक्रम 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा इसमें कोई भी व्यक्ति स्वयं आधिकारिक पोर्टल http://Census.gov.in/se के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है।

जनगणना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण हाउस लिस्टिंग में प्रगणक घर-घर जाकर मकानों और उनकी सुविधाओं की जानकारी एकत्र करेंगे। दूसरा चरण में जनसंख्या गणना के बाद देश की कुल जनसंख्या और व्यक्तियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी दर्ज की जाएगी। स्व-गणना की प्रक्रिया में परिवार का कोई भी सदस्य ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खुद अपने घर की जानकारी दर्ज कर सकता है। एक मोबाइल नंबर से केवल एक घर का लॉगिन, एंट्री परिवार के मुखिया के नाम से होगी (नाम बदला नहीं जा सकेगा), यह सुविधा मकान सूचीकरण शुरू होने से 15 दिन पहले खुलेगी और सिर्फ 15 दिन तक उपलब्ध रहेगी। पोर्टल पर एंट्री करने के लिए पोर्टल खोलें और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश चुनें, कैप्चा भरें, परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करें, ओटीपी से सत्यापन करें, जिला और नजदीकी स्थान चुनकर मैप पर घर चिन्हित करें। एचएलओ प्रश्नावली भरें (अधिकतर प्रश्न विकल्प आधारित होंगे) फोनेटिक और वर्चुअल कीबोर्ड की सुविधा भी मिलेगी। एफएक्यूस और टूल-टिप्स हर चरण में मदद करेंगे। स्व गणना करने पर संबंधित व्यक्ति को एक रेफरेंस नंबर प्राप्त होगा। इसके बाद 1 मई से 30 मई के बीच जब प्रगणक घर-घर सर्वे के लिए आएंगे, तब नागरिकों को यह रेफरेंस नंबर उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक द्वारा इस नंबर का सत्यापन कर अंतिम रूप से जानकारी सबमिट की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने और जनगणना प्रक्रिया को सरल एवं सटीक बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

▸ **मई में प्रगणक घर–घर सर्वे करेंगे**

इसके बाद 1 मई से 30 मई के बीच जब प्रगणक घर-घर सर्वे के करेंगे। इस दौरान पहले से जानकारी भरने वाले नागरिकों को यह रेफरेंस नंबर उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक द्वारा इस नंबर का सत्यापन कर अंतिम रूप से जानकारी सबमिट की जाएगी।

## जुआ खेलते हुए 8 गिरफ्तार

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर में शंकर देवरी के पास खुले स्थान पर जुआं खेलते हुए 8 लोगों को पकड़ उनके कजे से नगदी राशि और ताश पत्ते जब्त किए। पुलिस के अनुसार बिलपांक पुलिस ने शंकर देवरी के पास खुले स्थान पर जुआं खेलते हुए 8 लोगों को पकड़ा। पुलिस ने उनके कजे से 16 हजार 300 रुपए नगदी और ताश पत्ते जत किए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कमल पिता शंकरलाल पाटीदार निवासी ग्राम मडावदा (खाचरौद), शैलेंद्र पिता गोदालाल पाटीदार निवासी ग्राम शिवपुर (बिलपांक), आरोयनाथ पिता एंथोनी निवासी प्रतापनगर (रतलाम), दिनेश पाटीदार निवासी ग्राम नगरा, चौकसिंह निवासी ग्राम नगरा, दिनेश निवासी कालुखेड़ी, भुरा उर्फ दिलीप मकवाना निवासी शिवपुर, रईश पटले निवासी ग्राम मलवासा बताया।



## नप सैलाना के एल्डरमैन बनने पर सम्मान

**सैलाना।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा नगर परिषद सैलाना में 4 एल्डर मेन का मनोनयन किया गया है। शासन द्वारा मनोनीत एल्डर मेन वरदीचंद्र पाटीदार, नाथूलाल राठौड़, रवि कुमार शर्मा एवं सपना खराड़ी का आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा एवं नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कैलाशी बाई चारेल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज राठौड़ द्वारा भी सभी एल्डर मेन का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा ने सभी नव-मनोनित एल्डर मेन को बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आप सभी नगर विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा परिषद को मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में नगर परिषद के कर्मचारी भीमसेन लहरी, सुरेंद्र सिंह चौहान, धन्ना लाल परमार, धीरज सिंह रावत, मोनिका भूरिया, अभिमन्यु ग्वाले, शिखा शर्मा, सुरेश पाटीदार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. शैलेंद्र पांडेय बने रीजन चेयरमैन रीजन के अंतर्गत 16 क्लब रहेंगे



**जावरा।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के नवीन सत्र 2026-27 हेतु निर्वाचित प्रांतपाल जयप्रकाश त्रिपाठी द्वारा लायंस क्लब जावरा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान झोन चेयरमेन डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय को नवीन सत्र हेतु रीजन चेयरमेन मनोनीत किया है, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय के रीजन के अंतर्गत 16 क्लब रहेंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए लायंस क्लब के सह सचिव संदीप रांका नें बताया कि लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 की मनमोहन मेहता आडिटोरियम इंदौर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेन्द्रसिंह चौहान, पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर कमलेश जैन, इंटरनेशनल डायरेक्टर इन्डोर्सी कुलभूषण मित्तल, गवर्नर अनिल खंडेलवाल, वॉइस गवर्नर राम जाट व डॉ. राजेन्द्र सोडानी सहित लायंस डिस्ट्रिक्ट प्रान्त के सभी पूर्व गवर्नर की उपस्थिति में निर्वाचित गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी द्वारा डॉ.शैलेन्द्र पाण्डेय को रीजन चेयरमेन मनोनीत करने की घोषणा की गई, उल्लेखनीय है की डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय लायंस क्लब जावरा के साथ ही वर्तमान में बोर्डिया कुआ हनुमान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष, गीता भवन जावरा ट्रस्टी, अ. भा. ओदिच्य ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है, इस उपलब्धि पर लायंस क्लब जावरा के सदस्यों नें डॉ. पाण्डेय का स्वागत कर बधाई देते हुए लायंस डिस्ट्रिक्ट नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## रेत–गिट्टी के डंपर स्पीड से निकल रहे, दुर्घटना की आशंका

**जावरा।** भाजपा नगर मंत्री महेश शर्मा ने बताया कि नरेंद्रसिंह चंद्रावत कृषि उपज मंडी, अरनिया पीथा से रेत गिट्टी के डंपर तेज गति से निकल रहे हैं। मंडी रोड से मनमाने तरीके से इन भारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे मंडी में आने वाले किसान, व्यापारी, हम्माल, तुलावटी, मंडी कर्मचारी, सफाई कर्मचारी एवं अन्य लोगों को हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन मंडी प्रशासन अब तक गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि मंडी प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। इस संबंध में कई बार मंडी प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन नरेंद्रसिंह चंद्रावत कृषि उपज मंडी, अरनिया के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मंडी प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों की होगी।

**एक नजर में** ▸ **पदभार संभालते ही विभागों का निरीक्षण कर कार्यों का अवलोकन किया**

# जावरा नपा को मिला नया नेतृत्व : चंद्रशेखर सोनिस ने संभाला सीएमओ का पदभार

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** नगर पालिका जावरा में पदस्थ सीएमओ राहुल शर्मा के महूगंज स्थानांतरण होने पर उनके स्थान पर महू से आए चंद्रशेखर सोनीस ने जावरा पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया।

पदभार संभालते ही उन्होंने नगर पालिका के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए गहन अध्ययन प्रारंभ किया।



पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस ने बताया कि वे पूर्व में भी कुछ समय के लिए जावरा में कार्य कर चुके हैं, जब तत्कालीन सीएमओ दुर्गा बामनिया अवकाश पर थीं। साथ ही वे आलोट में भी तीन वर्षों तक सेवाएं दे चुके हैं, जिससे यह क्षेत्र उनके लिए नया नहीं है और वे यहां की परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं।

उन्होंने नगर की व्यवस्थाओं पर बात करते हुए कहा कि वर्तमान में नगर पालिका अच्छा कार्य कर रही है, लेकिन सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जल वितरण पर बोलते हुए कहा कि जो व्यवस्था अभी नियमित रूप से चल रही है वैसे ही चलती रहेगी। जनता को पानी से संबंधित कोई तकलीफ नहीं आने दी जाएगी। सीएमओ सोनीस ने यह भी बताया कि इस बार राजस्व वसूली संतोषजनक रही है, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर की जनता को समस्याओं से राहत दिलाना और प्रत्येक व्यक्ति का कार्य समय पर करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।